प्रेषक,

संयुक्त शिक्षा निदेशक
वाराणसी मण्डल वाराणसी

सेवा में,

तहसीलदार
मुहम्मदाबाद गाजीपुर।

पत्रांक एन0ओ0सी/ /2018–19 दिनाक 1/10/2018

विषय– सी0बी0एस0ई0/आई0सी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने विषयक प्रकरण मे भूमि सत्यापन के सम्बन्ध मे।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध मे सूच्य है कि सी0बी0एस0ई0/आई0सी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने विषयक प्रकरण मे मा0 आयुक्त वाराणसी मण्डल की अध्यक्षता मे गठित समिति जिसमें जनपदों के जिलाधिकारी महोदय एवं जनपदों के जिला विद्यालय निरीक्षकों की उपस्थिति मे समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि अनापत्ति दिये जाने के पूर्व सम्बन्धित विद्यालय के भूमि का सत्यापन सम्बन्धित तहसीलदार से करा लिया जाय।

उपरोक्त निर्णय के सम्बन्ध मे विद्यालय कि **रिवरडेल ग्लोबल स्कूल जय नगर कुण्डेसर गाजीपुर** द्वारा भूमि से सम्बन्धित जो अभिलेख इस कार्यालय को प्राप्त कराये गये है, उसकी छायाप्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि **आप सम्बन्धित विद्यालय का सत्यापन इस आशय से करे कि (विद्यालय/ सोसाइटी/ ट्रस्ट) के नाम सी0 बी0 एस0 ई0 विद्यालय को न्यूनतम 6075 वर्गमीटर शहर/देहात तथा आई0 सी0 एस0 ई0 विद्यालयों को न्यूनतम 2000 वर्गमीटर भूमि 30 वर्ष के लिए रजिस्टर्ड लीजडीड अथवा स्वामित्व के रूप मे उपलब्ध हो एवं विद्यालय भवन भी उसी भूमि पर निर्मित हो तथा इस आशय का भी उल्लेख किया जाय कि सम्पूर्ण भूमि एवं भवन एक ही परिसर मे उपलब्ध है।**

सम्बन्धित प्रकरण अति महत्वपूर्ण एवं आयुक्त महोदय की अध्यक्षता मे गठित समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार निर्देशित एवं समयबद्ध है। अतः अनुरोध है कि सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए सम्बन्धित विद्यालय भूमि/भवन के सम्बन्ध मे सुस्पष्ट आख्या अपने कार्यालय पत्र के माध्यम से तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें। अपनी आख्या मे सम्पूर्ण भूमि वर्गमीटर मे उल्लेख करने का कष्ट करें।

भवदीय

(अजय कुमार द्विवेदी)
संयुक्त शिक्षा निदेशक
वाराणसी मण्डल वाराणसी

पृ0सं0/एन0ओ0सी / 9775-78 /2018–19 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वै0स0 आयुक्त वाराणसी मण्डल वाराणसी।
2. जिलाधिकारी, गाजीपुर।
3. प्रबन्धक/प्रधानाचार्य रिवरडेल ग्लोबल स्कूल जय नगर कुण्डेसर गाजीपुर।

(अजय कुमार द्विवेदी)
संयुक्त शिक्षा निदेशक
वाराणसी मण्डल वाराणसी

Digitally signed by Megha Malaya
Date: 2025.07.30 11:03:43 +05:30
Reason: reason
Location: location